# HINDI

# हिन्दी

## PAPER—II

## प्रश्न-पत्र —II

नोट : इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्नों के **दो** (2) अंक निर्धारित हैं। विद्यार्थी **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें।

1. आचार्य शुक्ल के अनुसार हिन्दी साहित्य का आविर्भाव कब से माना जा सकता है?

   (A) प्राकृत से (B) संस्कृत से

   (C) प्राकृत की अंतिम अपभ्रंश अवस्था से (D) पालि से

2. अपभ्रंश के प्रथम महाकवि कौन थे?

   (A) हेमचन्द्र (B) स्वयंभू

   (C) रामचन्द्र (D) सोमप्रभ सूरि

3. हिन्दी का प्रथम महाकाव्य कौन सा है?

   (A) पृथ्वीराज विजय (B) रामचरित मानस

   (C) पृथ्वीराज रासो (D) पद्मावत

4. 'आल्हाखंड' किसने लिखा?

   (A) जगनिक (B) अमीर खुसरो

   (C) चंदबरदायी (D) नरपति नाल्ह

5. इनमें से हिन्दी साहित्य का इतिहास किसने नहीं लिखा?

   (A) नगेन्द्र (B) लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय

   (C) रामकुमार वर्मा (D) बच्चन सिंह

www.examrace.com

6. 'बारह बरस लौ कूकर जीवै, अरु तेरह लौ जियै सियार।
बरस अठारह क्षत्रिय जीवै, आगे जीवन को धिक्कार।।'

— ये पंक्तियाँ किस रासो काव्य की हैं?

(A) खुमाण रासो
(B) पृथ्वीराज रासो
(C) हम्मीर रासो
(D) परमाल रासो

7. इनमें से कौन सी राजस्थानी की बोली नहीं है?

(A) मारवाड़ी
(B) बुन्देली
(C) मेवाती
(D) मालवी

8. 'करम' शब्द की व्युत्पत्ति किस प्रक्रिया से हुई?

(A) अर्द्ध तत्सम
(B) तत्सम
(C) ऋण-अनुवाद
(D) तद्भव

9. 'स्वाभाविक', 'स्वागत'

—इन दोनों शब्दों में कौन सा उपसर्ग है?

(A) दोनों में 'स्व' है।
(B) दोनों में 'सु' है।
(C) दोनों में क्रमशः 'स्व' और 'सु' है।
(D) दोनों में क्रमशः 'सु' और 'स्व' है।

10. हिन्दी का पहला दैनिक समाचार पत्र कौन सा था?

(A) बंग दर्शन
(B) समाचार सुधावर्षण
(C) उदन्त मार्तण्ड
(D) भारत मित्र

11. 'अमिय हलाहल मद भरे, सेत स्याम रतनार
जियत मरत झुकि झुकि परत, जेहि चितवत इक बार।'
— इन काव्य पंक्तियों के कवि हैं :

(A) बिहारी
(B) रसलीन
(C) घनानन्द
(D) मतिराम

12. इनमें से किस कवि ने लक्षण ग्रंथ नहीं लिखा?

(A) देव (B) पद्माकर

(C) भूषण (D) बिहारी

13. 'बरवै नायिका भेद' का रचनाकार कौन है?

(A) रहीम (B) रसलीन

(C) बिहारी (D) मतिराम

14. इनमें से कौन वैष्णव भक्ति का आचार्य नहीं है?

(A) वल्लभाचार्य (B) मध्वाचार्य

(C) शंकराचार्य (D) रामानुजाचार्य

15. इनमें से काशी नागरी प्रचारिणी सभा के संस्थापकों में कौन नहीं है?

(A) बाबू श्याम सुन्दर दास (B) ठाकुर शिवकुमार सिंह

(C) रामनारायण मिश्र (D) रामचन्द्र शुक्ल

16. 'साहित्य जन समूह के हृदय का विकास है' — यह परिभाषा किसकी है?

(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (B) बालकृष्ण भट्ट

(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी (D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

17. प्रसादकृत 'प्रलय की छाया' की विषयवस्तु के केन्द्र में है :

(A) महाराणा प्रताप का पराभव (B) पद्मिनी का अग्निदाह

(C) जल प्रलय (D) रानी कमलावती का पश्चाताप

18. निम्नलिखित में से कौन सी रचना उपन्यास नहीं है?

(A) रात का रिपोर्टर (B) विषाद मठ

(C) पश्यन्ती (D) अजय की डायरी

www.examrace.com

19. 'शैलवती' सुरेन्द्र वर्मा के किस नाटक की पात्र है?

(A) सेतुबन्ध

(B) सूर्य की अन्तिम किरण से सूर्य की पहली किरण तक

(C) आठवाँ सर्ग

(D) द्रौपदी

20. प्रयोगवाद को 'बैठे ठाले का धन्धा' किस आलोचक ने कहा?

(A) नन्द दुलारे वाजपेयी
(B) रामविलास शर्मा
(C) शिवदानसिंह चौहान
(D) नामवर सिंह

**निर्देश :** प्रश्न संख्या 21 से 27 तक दी गई स्थापनाओं (Assertions) और तर्कों (Reasons) को ध्यानपूर्वक पढ़ें और बहुविकल्पीय उत्तरों में से सही उत्तर का चयन करें।

21. **स्थापना (A) :** कविता मनुष्य के हृदय को स्वार्थ-सम्बन्धों के संकुचित दायरे से ऊपर उठाकर लोक-सामान्य-भाव भूमि पर प्रतिष्ठित करती है।

**तर्क (R) :** क्योंकि कविता संकुचित आत्म और प्रशस्त लोक का समन्वय है।

(A) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(C) **(A)** सही **(R)** गलत

(D) **(A)** गलत **(R)** सही

22. **स्थापना (A) :** काव्यभाषा को सहज होना चाहिए और उसे वैचित्र्य वक्रता, अलंकार आदि के आडम्बर से मुक्त होना चाहिए।

**तर्क (R) :** अलंकार, उचित वैचित्र्य का प्रयोग श्रेष्ठ कवि ही कर सकते हैं।

(A) **(A)** सही **(R)** गलत

(B) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

(C) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(D) **(A)** गलत **(R)** सही

www.examrace.com

23. **स्थापना (A) :** मिथक जातीय स्मृति पर आधारित होते हैं।

**तर्क (R) :** इसीलिए मिथक को विकसनशील माना गया है।

(A) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

(B) **(A)** गलत **(R)** सही

(C) **(A)** सही **(R)** गलत

(D) **(A)** और **(R)** दोनों सही

24. **स्थापना (A) :** तुलसी के मत में – 'निर्गुण रूप सुलभ अति, सगुन जान नहिं कोइ।
सुगम अगम नाना चरित, सुनि मुनि-मन भ्रम होइ।।'

**तर्क (R) :** क्योंकि सगुण साकार को उपासना और अनुभव के दायरे में लाना सहज है, जबकि निर्गुण-निराकार की उपासना और अनुभूति नितान्त कठिन।

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(B) **(A)** सही **(R)** गलत

(C) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

(D) **(A)** गलत **(R)** सही

25. **स्थापना (A) :** प्रयोगवाद केवल शिल्प का चमत्कार है।

**तर्क (R) :** क्योंकि प्रयोगवादी कविता में कई नए शिल्पगत प्रयोग किए गए।

(A) **(A)** गलत **(R)** सही

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(C) **(A)** सही **(R)** गलत

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

26. **स्थापना (A) :** अनुभव की प्रामाणिकता दलित और स्त्री-लेखन की मूल शर्त है।

**तर्क (R) :** क्योंकि साहित्यकार वर्ग चेतना से प्रतिबद्ध होता है।

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(B) **(A)** गलत **(R)** सही

(C) **(A)** सही **(R)** गलत

(D) **(A)** गलत **(R)** गलत

www.examrace.com

27. **स्थापना (A) :** जैसे विश्व में विश्वात्मा की अभिव्यक्ति होती है वैसे ही नाटक में रस की।

**तर्क (R) :** क्योंकि प्रेक्षक नाटक में आह्लाद रस का अनुभव करता है।

(A) **(A)** सही **(R)** गलत

(B) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

(C) **(A)** गलत **(R)** सही

(D) **(A)** और **(R)** दोनों सही

28. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म संगत है?

(A) विषाद मठ : अमृत लाल नागर

(B) विश्वबाहु परशुराम : चतुरसेन शास्त्री

(C) अंतिम अरण्य : निर्मल वर्मा

(D) मच्छादास की माझी : मोहन राकेश

29. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म असंगत है?

(A) तिरस्कृत : मोहनदास नैमिष राय

(B) अन्या से अनन्या : प्रभा खेतान

(C) जूठन : ओमप्रकाश वाल्मीकि

(D) हादसे : रमणिका गुप्ता

30. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म संगत है?

(A) आह वेदना मिली विदाई : जयशंकर प्रसाद

(B) सखि वे मुझ से कहकर जाते : महादेवी वर्मा

(C) एक बार बस और नाच तू श्यामा : सुमित्रा नन्द पंत

(D) दु:ख सब को माँजता है : निराला

www.examrace.com

31. प्रकाशन काल की दृष्टि से सही अनुक्रम है :

(A) चित्रलेखा, संन्यासी, निर्मला, न आने वाला कल

(B) निर्मला, चित्रलेखा, संन्यासी, न आने वाला कल

(C) न आने वाला कल, चित्रलेखा, निर्मला, संन्यासी

(D) संन्यासी, चित्रलेखा, निर्मला, न आने वाला कल

32. कालक्रम की दृष्टि से निम्नलिखित कहानियों का सही अनुक्रम क्या है?

(A) मिठाईवाला, वापसी, यक्षगान, इन्दुमति

(B) वापसी, यक्षगान, मिठाईवाला, इन्दुमति

(C) इन्दुमति, मिठाईवाला, वापसी, यक्षगान

(D) यक्षगान, इन्दुमति, वापसी, मिठाईवाला

33. कालक्रम की दृष्टि से निम्नलिखित पत्रिकाओं का सही अनुक्रम क्या है?

(A) सुधा, रूपाभ, कृति, हिन्दी प्रदीप

(B) हिन्दी प्रदीप, सुधा, रूपाभ, कृति

(C) रूपाभ, कृति, हिन्दी प्रदीप, सुधा

(D) कृति, हिन्दी प्रदीप, सुधा, रूपाभ

34. कालक्रम की दृष्टि से लक्ष्मीनारायण लाल के नाटकों का सही अनुक्रम क्या है?

(A) कलंकी, बलराम की तीर्थयात्रा, अंधा कुआँ, मादा कैक्टस

(B) मादा कैक्टस, अंधा कुआँ, बलराम की तीर्थयात्रा, कलंकी

(C) कलंकी, मादा कैक्टस, अंधा कुआँ, बलराम की तीर्थयात्रा

(D) अंधा कुआँ, मादा कैक्टस, कलंकी, बलराम की तीर्थयात्रा

35. निम्नलिखित ग्रन्थों के प्रकाशन का सही अनुक्रम क्या है?

(A) बाणभट्ट की आत्मकथा, चारुचन्द्रलेख, पुनर्नवा, अनामदास का पोथा

(B) अनामदास का पोथा, पुनर्नवा, बाणभट्ट की आत्मकथा, चारुचन्द्रलेख

(C) पुनर्नवा, अनामदास का पोथा, चारुचन्द्रलेख, बाणभट्ट की आत्मकथा

(D) चारुचन्द्रलेख, बाणभट्ट की आत्मकथा, अनामदास का पोथा, पुनर्नवा

www.examrace.com

36. निम्नलिखित संस्थाओं की स्थापना का सही अनुक्रम क्या है?

(A) हिन्दी साहित्य सम्मेलन, काशी नागरी प्रचारिणी सभा, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा

(B) हिन्दी साहित्य सम्मेलन, दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, काशी नागरी प्रचारिणी सभा

(C) काशी नागरी प्रचारिणी सभा, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय

(D) केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, काशी नागरी प्रचारिणी सभा, दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा

37. इतिहास की दृष्टि से हिन्दी महाकाव्यों का सही अनुक्रम क्या है?

(A) साकेत, लोकायतन, प्रियप्रवास, कामायनी

(B) प्रियप्रवास, कामायनी, साकेत, लोकायतन

(C) प्रियप्रवास, साकेत, कामायनी, लोकायतन

(D) लोकायतन, कामायनी, प्रियप्रवास, साकेत

38. निम्नलिखित काव्यपंक्तियों को उनकी भाषा के साथ सुमेलित कीजिए :

(a) का पूछहु तुम धातु, निछोही
जो गुरु कीन्ह अंतरपट ओही। — (i) अपभ्रंश

(b) ढोला मारिय ढिल्लि मइ
मुच्छिउ मेच्छ सरीर। — (ii) ब्रज

(c) जो घीँघु सो देहुँ मनोहर
मुहैं बात हरी चोटी। — (iii) गढ़वाली

(d) उसकी चोटी सटकाई लख नागिन
अपनी केंचली छोड़ सटक गई। — (iv) अवधी

(v) खड़ी बोली

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (v) |
| (B) | (iv) | (i) | (ii) | (v) |
| (C) | (i) | (iv) | (v) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |



www.examrace.com

39. निम्नलिखित काव्यग्रंथों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | हित तरंगिणी | (i) | रहीम |
| (b) | प्रेम वाटिका | (ii) | रसलीन |
| (c) | मदनाष्टक | (iii) | कृपाराम |
| (d) | अंगदर्पण | (iv) | रसखान |
| | | (v) | बिहारी |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (i) | (v) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (v) |
| (D) | (ii) | (v) | (iii) | (i) |

40. निम्नलिखित बोलियों को उनके भौगोलिक क्षेत्र के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | हाड़ौती | (i) | उत्तराखण्ड |
| (b) | बघेली | (ii) | उत्तर प्रदेश |
| (c) | गढ़वाली | (iii) | राजस्थान |
| (d) | कन्नौजी | (iv) | मध्य प्रदेश |
| | | (v) | हरियाणा |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (i) | (ii) | (iii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iv) | (i) | (v) | (iii) |

www.examrace.com

**41.** निम्नलिखित काव्य पंक्तियों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | सजनि मधुर निजत्व दे कैसे मिलूं अभिमानिनी मैं | (i) | जयशंकर प्रसाद |
| (b) | प्रिय के हाथ लगाए जागी, ऐसी मैं सो गई अभागी | (ii) | सुमित्रानन्दन पंत |
| (c) | तू अब तक सोई है आली, आँखों में भरे विहाग री | (iii) | सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला |
| (d) | कौन तुम रूपसि कौन, व्योम से उतर रही चुपचाप | (iv) | महादेवी वर्मा |
| | | (v) | विद्यावती कोकिल |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (v) | (ii) | (i) | (iii) |

**42.** इन कथनों के साथ उनके अलंकारों को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | वह आदमी नहीं, हैवान है | (i) | उत्प्रेक्षा |
| (b) | वे तो मानो देवता हैं | (ii) | रूपक |
| (c) | कहीं यह उसकी चाल तो नहीं है | (iii) | भ्रांतिमान |
| (d) | आप तो साक्षात् इन्द्र हैं | (iv) | विरोधाभास |
| | | (v) | अपह्नुति |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (v) | (ii) | (i) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (v) |
| (C) | (ii) | (iv) | (v) | (iii) |
| (D) | (v) | (i) | (iii) | (ii) |

www.examrace.com

**43.** निम्नलिखित विधि के क्रिया रूपों को उनकी बोली के साथ सुमेलित कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | करो | (i) | अपभ्रंश |
| (b) | करहु | (ii) | भोजपुरी |
| (c) | करौ | (iii) | अवधी |
| (d) | करा | (iv) | बांगरू |
| | | (v) | ब्रज |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (v) | (ii) |
| (B) | (v) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (D) | (i) | (v) | (ii) | (iii) |

**44.** निम्नलिखित पंक्तियों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | अब अभिव्यक्ति के सारे खतरे उठाने ही होंगे | (i) | अज्ञेय |
| (b) | सब से भी अलग अपना संगीत सुना | (ii) | महादेवी |
| (c) | नयन में जिसके जलद वह तृषित चातक हूं | (iii) | निराला |
| (d) | अशनि-पात से शापित उन्नत शत-शत वीर | (iv) | मुक्तिबोध |
| | | (v) | कुंवर नारायण |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (v) |
| (B) | (iv) | (i) | (v) | (ii) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (iii) | (v) | (iv) | (i) |

www.examrace.com

45. निम्नलिखित शब्दों को उनके समास के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | वनवास | (i) | कर्मधारय |
| (b) | दान-पुण्य | (ii) | अव्ययी भाव |
| (c) | त्रिनेत्र | (iii) | द्वन्द्व |
| (d) | यथाविधि | (iv) | बहुव्रीहि |
| | | (v) | तत्पुरुष |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (ii) | (v) | (i) |
| (B) | (v) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (C) | (v) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (i) | (iv) | (iii) | (v) |

**निर्देश :** निम्नलिखित गद्य अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उससे संबंधित प्रश्नों (प्रश्न संख्या 46 से 50 तक) के उत्तरों के लिए दिये गये बहु विकल्पों में से सही विकल्प का चुनाव करें।

आरंभ में मानवतावाद मानवता को शोषण और बंधन से मुक्त करने के महान और उदार आदर्शों से चालित हुआ था। तत्वचिंतकों और साहित्य मनीषियों के मन में इस आदर्श का रूप बहुत ही उदार था, पर व्यवहार में मनुष्य की उदारता केवल एक ही राष्ट्र के मनुष्यों की मुक्ति तक सीमित होकर रह गई। धीरे-धीरे राष्ट्रीयता नामक देवी का जन्म हुआ। यह एक हद तक प्रगतिशील विचारों की ही उपज थी। हमारे देश में भी नये जीवन-साहित्य के स्पर्श से नवीन जीवन-आदर्श जाग पड़े। मानवतावाद भी आया, दलितों, अधःपतितों और उपेक्षितों के प्रति सहानुभूति का भाव भी आया; और साथ-ही-साथ राष्ट्रीयता भी आई। पश्चिमी देशों में राष्ट्रीय भावना के बहुल प्रचार ने एक राष्ट्र के भीतर सुविधाभोगी और सुविधा के जुटाने वाले दो वर्गों के व्यवधान को बढ़ाने में सहायता पहुँचाई। जिन लोगों के पास संपत्ति है और जिनके पास संपत्ति नहीं है, उनका अंतर भयंकर होता गया।

www.examrace.com

एक तरफ तो विषमता बढ़ती गयी और दूसरी तरफ राष्ट्रीयता की देवी युवावस्था की दहेली पर पहुँच कर ऐसी ईर्ष्यालु रमणी साबित हुई, जो सारे परिवार को ही ले डूबती है। इन विकृत विचारों ने दो–दो महायुद्धों को भू–पृष्ठ पर उतार दिया। इस प्रकार मनुष्यता की महिमा भी विकृत रूप में भयंकर हो उठी।

**46.** मानवता के उदय का प्रेरणा स्रोत क्या था?

(A) मानवता को शोषण और बन्धन से मुक्त करना

(B) मानव के लिए सुख–सुविधाएँ जुटाना

(C) मानवता को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर एकजुट करना

(D) मनुष्य के मन में राष्ट्रीय भावना जगाना

**47.** राष्ट्रीयता का जन्म कैसे हुआ?

(A) जब आधुनिक युग में देश राष्ट्र का रूप लेने लगे।

(B) जब मानवता के स्थान पर राष्ट्रीयता का महत्त्व बढ़ गया।

(C) जब उदार मानवतावाद एक राष्ट्र की परिधि में सीमित हो गया।

(D) जब लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना प्रबल हो गयी।

**48.** संकुचित राष्ट्रीय भावना का दुष्परिणाम क्या निकला?

(A) आंतरिक कलह के कारण कई राष्ट्रों का बँटवारा होता गया।

(B) राष्ट्रीयता ने मानवता की भावना को कुचल दिया।

(C) राष्ट्रों में परस्पर श्रेष्ठता की होड़ लग गयी।

(D) मानवता, धनी और निर्धन — दो वर्गों में बँट गयी।

**49.** मनुष्यता की महिमा किन कारणों से विकृत हो उठी?

(A) संकुचित राष्ट्रीय भावना और परिणामतः महायुद्ध।

(B) राष्ट्रों की अतिशय महत्त्वाकांक्षाएँ।

(C) मानव मूल्यों का ह्रास और राष्ट्रों का विघटन।

(D) मनुष्य के शोषण के प्रति बढ़ता हुआ रुझान।

www.examrace.com

50. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक बताइए।

(A) मानवतावादी राष्ट्रीय भावना।

(B) राष्ट्रीय भावना के विविध रूप।

(C) मानवता से राष्ट्रीयता की ओर।

(D) राष्ट्रीयता से मानवतावाद की ओर।

- o O o -

www.examrace.com